*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)


***(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)***

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305

इ-मेल: mgahvpro@gmail.com वेबसाइट : www.hindivishwa.org

# हिंदी विश्वविद्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती

## भाषण, गायन प्रतियोगिता, फिल्म प्रदर्शन का आयोजन




वर्धा, दि. 26 अक्टूबर 2017 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में दि. 31 अक्टूबर 2017 को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनायी जा रही है। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की पहली कड़ी में गांधी हिल्स पर सुबह 7.15 बजे एकता की शपथ ली जाएंगी। इसके पश्चात गांधी हिल्स से सावित्रीबाई फुले छात्रावास और नज़ीर हाट के रास्ते एकता दौड आयोजित की जाएगी। दोपहर 12.30 बजे से गालिब सभागार में 'वर्तमान भारतीय संदर्भ में सरदार वल्लभभाई पटेल के विचारों की प्रासंगिकता' विषय पर भाषण प्रतियोगिता तथा दोपहर 3.30 बजे से 'देशभक्ति तथा राष्ट्रीय एकता' पर आधारित गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह का निर्देशन विद्यार्थी कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अनिल कुमार राय करेंगे तथा कार्यक्रमों का संयोजन जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक राजेश लेहकपुरे करेंगे। कार्यक्रम का समापन सायं 5.30 बजे गालिब सभागार में किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पुरस्कार तथा प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील विश्वविद्यालय की ओर से की गयी है।

## हिंदी विश्वविद्यालयात सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती

## भाषण, गायन स्पर्धा, एकता दौड, फिल्म प्रदर्शनाचे आयोजन

वर्धा, दि. 26 ऑक्टोबर 2017 : महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात 31 ऑक्टोबर 2017 रोजी सरदार वल्लभभाई पटेल जयंतीचे आयोजन करण्यात आले असून हा दिवस राष्ट्रीय एकता दिवस म्हणून साजरा करण्यात येत आहे. यानिमित्त विविध कार्यक्रमांचे आयोजन करण्यात आले आहे. कार्यक्रमाची सुरूवात गांधी हिल्सवर सकाळी 7.15 वा. एकतेची शपथ घेवून करण्यात येईल. यानंतर गांधी हिल्स ते सावित्रीबाई फुले वसतिगृह आणि नज़ीर हाट या मार्गाने एकता दौड घेण्यात येईल. दुपारी 12.30 वा. गालिब सभागृहात 'वर्तमान भारतीय संदर्भात सरदार वल्लभभाई पटेल यांच्या विचारांची प्रासंगिकता' या विषयावर भाषण स्पर्धा तर दुपारी 3.30 वा. 'देशभक्ति तथा राष्ट्रीय एकता' यावर आधारित गीत गायन स्पर्धा घेण्यात येईल. राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रमाचे निर्देशन विद्यार्थी कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अनिल कुमार राय करतील तर संयोजन जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे व राष्ट्रीय सेवा योजनेचे संयोजक राजेश लेहकपुरे करतील. कार्यक्रमाचा समारोप सायंकाळी 5.30 वा. गालिब सभागृहात होईल. यावेळी विद्यार्थ्यांना पुरस्कार तथा प्रमाण-पत्र प्रदान करण्यात येतील. कार्यक्रमात सहभागी होण्याचे आवाहन विश्वविद्यालयाच्या वतीने करण्यात आले आहे.